अमर उजाला

Fatehabad News: जाखल में नकली पाइप और पेंट बनाने का खुलासा, दो गिरफ्तार, मुख्य आरोपी भागा

जाखल। नामी ब्रांड के नाम पर शहर में नकली पाइप और पेंट बनाकर बेचने का खुलासा हुआ है। जांच के दौरान आशीर्वाद कंपनी के 12 बंडल नकली पाइप और नेरोलेक ब्रांड के 22 बाल्टी नकली पेंट बरामद किया गया।

पुलिस और मोहाली की कंपनी की ओर से 10 जुलाई की रात करीब 9 बजे कार्रवाई की गई। पुलिस ने गांव चूलड़ कलां निवासी चालक गुलजार खान और सहायक गांव मुंदलिया निवासी मक्खन सिंह को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस मामले में पंजाब के संगरूर जिले के मूनक थाने में केस दर्ज किया गया है।

Source: https://www.amarujala.com/haryana/fatehabad/fake-pipe-and-paint-manufacturing-racket-exposed-in-jakhal-two-arrested-main-accused-fled-fatehabad-news-c-127-1-ftb1001-136868-2025-07-13